प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ नगर निगम के लिए हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को किया रवाना : कहा– कार्बन उत्सर्जन को कम कर नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है प्रदेश।
2. प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश से गेहूं की फसल प्रभावित : मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से नुक्सान का आकलन कर किसानों को समय से मुआवज़ा देने के दिए निर्देश।
3. उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ से प्रदेशव्यापी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ : कहा– जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है सरकार। और
4. आईपीएल में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला : दर्शकों की सुविधा के लिए रात साढ़े बारह बजे तक होगा मेट्रो का संचालन।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को फ्लैग

ऑफ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नव निर्माण के 9 वर्षों में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप–3 शहरों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां कार्बन उत्सर्जन कम करने और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित करने पर ध्यान दिया जा रहा है। बाइट.....

*डबल इंजन सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किया था, उसने स्वच्छता की रैंकिंग को बेहतर बनाने में सफलता प्राप्त की और अब उसको एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल है। कोई कार्बन उत्सर्जन ना हो, कोई प्रदूषण ना हो, उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आज का यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय पहल है।*

ई–वाहनों के सुचारु संचालन के लिए शहर में 13 स्थानों पर 520 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इससे न केवल वाहनों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में और अधिक ई–वाहनों के संचालन के लिए भी आधार तैयार होगा।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कृषि विभाग की बैठक में प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा*

*कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूरी तरह से क्रियाशील बनाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे विभाग भी कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

प्रदेश के लगभग सभी पश्चिमी और पूर्वी जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने दर्ज की गई। मौसम के इस बदलाव से गेहूं की फसल प्रभावित हुयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके।

———————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ से प्रदेश व्यापी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 30 अप्रैल तक संचालित होगा। इस के साथ ही उन्होंने 10 से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले घर–घर पर दस्तक अभियान की भी शुरुआत की। इस

मौके पर उन्होंने जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान जनता के स्वास्थ्य के प्रति प्रदेश सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

—————————

देश में जनगणना—2027 का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। पहली बार डिजिटल रूप से आयोजित इस जनगणना में स्व—गणना का विकल्प भी उपलब्ध है। स्व—गणना एक सुरक्षित वेब—आधारित सुविधा है, जिसके माध्यम से घर—घर सर्वेक्षण से पहले 16 भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराई जा सकती है। उत्तर प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 22 मई से शुरू होगा और इससे 15 दिन पहले 7 मई से स्व—गणना की सुविधा उपलब्ध होगी। देश के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि डिजिटल जनगणना प्रक्रिया को गति देगी। बाइट.....

*डिजिटल में सबसे पहला फायदा तो यह है कि आंकड़े ज्यादा शुद्ध तरीके से संग्रहित होंगे, जो फिजिकल आंकड़े इकट्ठा करते हैं, उनको डिजिटलाइज करने में त्रुटियों की संभावना रहती है। जनगणना के आंकड़े हैं, उनका प्रकाशन शीघ्रता से संपन्न हो सकेगा।*

—————————

यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के छात्रों की कॉपियों की जांच की अंतिम तिथी 1 अप्रैल से बढ़ाकर 4 अप्रैल 2026 कर दी है। बोर्ड के अनुसार ईद और रामनवमी की छुट्टियों

के कारण कई केंद्रों पर कापियों की जांच का काम बाधित रहा, जिससे तय समय में जांच पूरी नहीं हो सकी। यूपी बोर्ड ने सभी मूल्यांकन केंद्रों से 5 अप्रैल तक सभी कॉपियों को जांच के बाद संबंधित कार्यालय में जमा कराने को कहा है।

——————————

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों ने महानगरों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 195 रुपये 50 पैसे की वृद्धि की है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की संशोधित कीमत आज से लागू हो गई है। वहीं घरलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि सऊदी अनुबंध मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

**नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज से आयकर अधिनियम– 2025 लागू हो गया है। एक रिपोर्ट.....**

*नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज आयकर अधिनियम– 2025 ने छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम 1961 स्थान ले लिया है। इसे पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करके और करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन–दो–कारक प्रमाणिकरण के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्ट टैक वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी आज से लागू होगा। इसके साथ ही स्थायी खाता संख्या पेन कार्ड के लिए आवेदन करने या उसे अपडेट करने के संशोधित नियम भी आज से प्रभावी होंगे। अनुपम मिश्र के साथ अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

**1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी चंचल कुमार ने आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय जाजू का स्थान लिया है। बिहार कॉडर के अधिकारी श्री कुमार इससे पहले पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत थे।**

——————————

**आकाशवाणी लखनऊ कल अपना 89वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस उपलक्ष्य में लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी**

प्रतिष्ठान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन भी उपस्थित रहेंगे। आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने बताया कि इस समारोह में मुख्यमंत्री पद्मश्री से अलंकृत विभूतियों और आकाशवाणी लखनऊ से जुड़े वरिष्ठ प्रसारकों को सम्मानित करेंगे। साथ ही सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी होगा।

———————

आईपीएल में आज  लखनऊके अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। मैच को देखते हुए इकाना स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। वहीं लखनऊ मेट्रो आज रात साढ़े बारह बजे तक संचालित रहेगी, जिससे क्रिकेट मैच देखकर लौटने वाले दर्शकों को कोई परेशानी ना हो। स्टेडियम से मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन और ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन तक विशेष फीडर बसों का प्रबंध भी किया गया है।

(समाप्त)